nandgaon times jan-28-03.qxd 1/27/2025 11:56 PM Page 1

शाला वार्षिकोत्सव एवं बाल मेला... पृष्ठ 2 | आयुक्त ने ली एस.एल.आर.एम. सेंटर... पृष्ठ 3

नांदगांव टाइम्स

नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559

मंगलवार, 28 जनवरी 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 105, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

सशक्त और विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण की दिशा में हम बढ़ रहे आगे : मुख्यमंत्री साय

मुख्यमंत्री ने गणतंत्र दिवस पर अंबिकापुर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया , स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान और संविधान निर्माताओं के योगदान को किया याद

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सरगुजा संभाग मुख्यालय अंबिकापुर के पीजी कॉलेज मैदान में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और संयुक्त परेड की सलामी ली। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर आम जनता के नाम संदेश का वाचन किया। उन्होंने प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री श्री साय ने गणतंत्र दिवस समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज का दिन हम सबके लिए अत्यंत गौरवशाली है। आज हम देश के गणतंत्र का उत्सव मना रहे हैं। इसके पीछे उन स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का बलिदान है, जिन्होंने भारत को स्वतंत्रता दिलाई, उन संविधान निर्माताओं का योगदान है, जिन्होंने इस संविधान के माध्यम से भारत को दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र बनाया। उन विभूतियों का योगदान है, जो संविधान की रक्षा के लिए हमेशा डटे रहे तथा संविधान के मूल्यों पर चलकर अंत्योदय का कल्याण करते रहे। नक्सलवाद से लड़ते हुए देश की एकता और अखण्डता के लिए अनेक जवानों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया, ताकि हम सुरक्षित रह सकें और समाज में शांति स्थापित हो सके। इन जवानों की शहादत को मैं शत्-शत् नमन करता हूं। भारत की आजादी की यात्रा के साथ ही दुनिया के अनेक देशों ने भी अपनी स्वतंत्रता की यात्रा प्रारंभ की, लेकिन इनमें से कई देशों में शासन व्यवस्था पटरी से उतर गई और वहां की जनता आज अराजकता का सामना करने मजबूर है। गणतांत्रिक परंपराओं की अपनी ऐतिहासिक जड़ों और अपने श्रेष्ठ संविधान के बूते लोकतांत्रिक राष्ट्र के रूप में भारत अविचल खड़ा ही नहीं है अपितु निरंतर तरक्की के नये शिखरों को छू रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत का संविधान एक पवित्र दस्तावेज है। यह वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना से प्रेरित है। इसे एक ऐसे राष्ट्र के नागरिकों ने तैयार किया, जिनकी भावनाओं के मूल में विश्व बंधुत्व और मानव कल्याण की सोच है। हमारी आजादी की लड़ाई की सोच हमारे

संविधान में पूरी तरह से झलकती है। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के नेतृत्व में जब हमारे छत्तीसगढ़ से संविधान निर्माजी समिति के सदस्य संविधान तैयार कर रहे थे, तब निश्चय ही उनके सामने बाबा गुरु घासीदास जी के समतामूलक संदेश, शहीद वीरनारायण सिंह जी के संघर्ष की गाथा और पंडित सुंदरलाल शर्मा जी का छूआछूत विरोधी संघर्ष जैसे आदर्श रहे होंगे। इन सभी के विचारों को बाबा साहेब ने अंतिम ड्राफ्ट के रूप में बहुत सुंदरता से पिरोया था। इस गणतंत्र की धरोहर को सुरक्षित रखने और सहेजने-संवारने की जिम्मेदारी हमारी और भावी पीढ़ी के हाथों में है। हमारा गणतंत्र हमें सत्यमेव जयते की सीख देता है। मुंडकोपनिषद का यह सूत्र वाक्य हमें बताता है कि अंधेरा कितना भी घना क्यों न हो, हमें उम्मीद नहीं छोड़नी चाहिए। अंततः विजय सत्य की ही होती है। हमारे गणतंत्र की इस भावना की विजय हमने गंभीर नक्सलग्रस्त इलाकों में देखी है। इन इलाकों में माओवाद ने अपनी हिंसक विचारधारा से न केवल आम आदमी के जीवन को नरक बना दिया था अपितु भारत के गणतंत्र को चुनौती देने के लिए गनतंत्र खड़े करने की योजना बनाकर काम कर रहे थे। हमारे सुरक्षा बलों का इनसे लगातार संघर्ष चल रहा है। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में नई रणनीति बनाकर हमने माओवाद के कैंसर को नष्ट करने का काम किया है। इस कैंसर को नष्ट करने के लिए जरूरी था कि इसकी जड़ों पर प्रहार किया जाए। हमारे जवानों ने माओवादियों के सबसे सुरक्षित पनाहगाहों में हमला किया। इसके नतीजे बहुत अच्छे रहे। एक साल के भीतर ही हमने माओवादी कैडर के 260 से अधिक आतंकियों को मार गिराया। अंधेरी सुरंग खुल गई, जो रोशनी फूटी है उससे बस्तर में विकास का उजाला फैला है। जब केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी पिछले महीने छत्तीसगढ़ आये तो बस्तर की इसी धरती में ग्राम गुंडम की एक बुजुर्ग माँ उनके पास आई, माता जी ने उन्हें वनोपजों की टोकरी भेंट की और कहा कि माओवाद को पूरी तरह से नष्ट कर दीजिए। जब सरकार का इरादा, जवानों का हौसला और जनता का संकल्प मिल जाता है, तो कोई भी हिंसक विचारधारा नहीं टिक सकती। बस्तर में माओवाद अब अंतिम सांसे गिन रहा है। शीघ्र ही बस्तर पूरी तरह से नक्सल आतंक से मुक्त हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आतंक से मुक्ति के साथ ही बस्तर में नक्सल प्रभावित रहे क्षेत्रों में विकास की राह भी खुल गई है। इसका माध्यम हमारी सरकार द्वारा चलाई जा रही नियद नेल्ला नार योजना बनी है। अरसे बाद स्कूलों में घंटियां गूंजी, पानी-बिजली का पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित हुआ। आधार कार्ड बने और आयुष्मान कार्ड भी बन गये। बस्तर अब उमंग से भरा हुआ है। हमने यहां बस्तर ओलंपिक का आयोजन किया। पूरे बस्तर से 1 लाख 65 हजार लोगों ने हिस्सा लिया। इनमें नक्सल हिंसा से प्रभावित परिजन भी थे।

भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन एवं नामांकन रैली में शक्ति प्रदर्शन करेगी

राजनंदगांव (नांदगांव टाइम्स)। नगरीय निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी अपनी पूरे ऊर्जा के साथ जुट चुकी है, एक और जहां भाजपा के पूरे 51 पार्षद तय हो चुके हैं वहीं महापौर प्रत्याशी लोकप्रिय पूर्व सांसद मधुसूदन यादव को बनाने पर कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है, आज नामांकन के आखिरी दिन भारतीय जनता पार्टी का जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन शिवनाथ वाटिका में प्रात: 11 से 1 बजे तक आहूत किया गया है। कार्यकर्ता सम्मेलन के पश्चात नामांकन रैली के माध्यम से भाजपा अपनी पूरी ताकत झोंकेगी। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आज कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रमुख रूप से विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह, प्रदेश सरकार के मंत्री दयालदास बघेल एवं सांसद संतोष पांडे तथा पूर्व सांसद अभिषेक सिंह विशेष रूप से कार्यकर्ता सम्मेलन में मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। कार्यकर्ता सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को चुनाव की लिए तैयारी के लिए आवाहन किया जाएगा और स्थानीय मुद्दों तथा विगत 5 वर्षों में कांग्रेस द्वारा निगम की खस्ता हाल व्यवस्था की जानकारी भी कार्यकर्ताओं को इस सम्मेलन में दी जाएगी। इस बार भारतीय जनता पार्टी ने टिकट वितरण बहुत सोच समझ कर जमीनी सर्वे के आधार पर किया है, इसलिए कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल दिखेगा।

भाजपा की नामांकन रैली होगी आकर्षण का केंद्र

भारतीय जनता पार्टी की नामांकन रैली भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक शर्मा,खूबचंद पारख, ,सुरेश एच लाल, संतोष अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा, रामजी भारती,रमेश पटेल,जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत,सचिन बघेल,सौरभ कोठारी, राजेंद्र गोलछा,रविंद्र वैष्णव, नीलू शर्मा,अशोक चौधरी,गोलू गुप्ता,सुमित भाटिया,मनोज साहू, खिलेश्वर साहू,किरण साहू,गीता घासी साहू,आभा तिवारी,मोनू बहादुर सिंह सहित सभी वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में निकाली जाएगी। नामांकन रैली महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव के साथ सभी 51 पार्षदों एवं उनके समर्थकों के साथ शिवनाथ वाटिका से दोपहर 1:00 बजे निकलेगी जो की लखोली नाका चौक, से होते हुए गंज चौक एवं भारत माता चौक होते हुए आजाद चौक से महाकाल चौक से गुरुद्वारा चौक पहुंचेगी जहां पर नुक्कड़ सभा के बाद नामांकन भरने के लिए अपेक्षित लोग कलेक्ट पहुंचेंगे।

भारतीय गणंत्रत की यात्रा में हमने उन्नत विकसित प्रजातंत्र का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया है - डॉ. रमन सिंह

राजनांदगांव। गणतंत्र दिवस समारोह दुर्ग जिले में पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने जिला मुख्यालय दुर्ग में आयोजित गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। उन्होंने उल्लास एवं उमंग के प्रतीक रंगीन गुब्बारे आसमान में छोड़े। इस अवसर पर डॉ. सिंह ने शहीदों के परिजनों को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। गणतंत्र दिवस समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि गणतंत्र दिवस का यह पावन पर्व हमें यह अवसर प्रदान करता है कि हम देश की आजादी के लिए हमारे स्वंतत्रता संग्राम सेनानियों और शहीदों के संघर्ष एवं बलिदान को स्मरण कर उन्हें नमन करें। देश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के पावन प्रयास, समर्पण, साहस, त्याग से न केवल देश को स्वतंत्रता प्राप्त हुई, अपितु एक सफल गणतंत्र भी निर्माण हुआ। विगत सात दशकों से अधिक की हमारे भारतीय गणतंत्र की यात्रा में हमने उन्नत, विकसित प्रजातंत्र का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया है। हमारा राष्ट्रीय संविधान राष्ट्र की अस्मिता का प्रतीक है। यह हमारे लिए केवल एक किताब नहीं है, बल्कि इसे हम जीवन की आचार संहिता मानते हैं।विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि भारतीय संविधान की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वह देश के नागरिकों को एकता के सूत्र में पिरोए हुए हैं। विभिन्न जाति, धर्म और संस्कृतियां इस एकता के सूत्र में बंधी हुई है और यही राष्ट्रीय एकता हमारी पहचान है। देश के प्रत्येक नागरिकों के लिए दायित्वों और अधिकारों के संरक्षण का भाव हमारे संविधान में निहित है। संविधान की अंतर्निहित भावना यही है कि सबका साथ और सबका विकास हो। संविधान की इसी भावना को दृष्टिगत रखते हुए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने अपने प्रयासों से राष्ट्र के समग्र विकास के संकल्प को मजबूती से स्थापित किया है। यह हम सबके लिए सुखद अनुभूति है कि हमारा भारत आज एक नई संभावनाओं के दौर से गुजर रहा है और हम अपने अतीत के विश्व गुरू के गौरव को पुनः हासिल करने की ओर अग्रसर है।

श्रीमती वंदना तिवारी (व्याख्याता बायोलॉजी) प्रशस्ति-पत्र से सम्मानित

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। शैक्षणिक उत्कृष्ट कार्य,जिला स्तरीय कोचिंग में अमूल्य योगदान हेतु , श्रीमती वंदना तिवारी (व्याख्याता बायोलॉजी) को ,,राजनांदगांव कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल सर व जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रवास सिंह बघेल सर जी द्वारा प्रशस्ति-पत्र से सम्मानित किया गया

नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल . बल्देवबाग ने मनाया 76वां गणतंत्र दिवस

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल.बल्देवबाग में 75वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। उक्त कार्यक्रम में एनबी.ग्रुप ऑफ

स्कूल के संचालक नीरज बाजपेयी एवं श्रीमती सोनल बाजपेयी द्वारा भारतमाताए सुभाषचंद्र बोस एवं आम्बेडकर जी के तैल्य चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं मार्ल्याल्पण किया गया तत्पश्चात् स्कूल संचालक नीरज बाजपेयी द्वारा झंडा फहराने के बाद भारत देश की आन.बान और शान तिरंगे को राष्ट्रगान के साथ सलामी दी गई। इस अवसर पर बच्चों द्वारा देशभक्ति गीतों पर नृत्य की प्रस्तुति दी गईए साथ ही साथ बच्चों ने देशभक्तों की जीवनी एवं भारत की आजादी से संविधान लागू होने के विभिन्न पहलुओं पर भी प्रकाश डाला। उक्त कार्यक्रम के दौरान एनबी.ग्रुप ऑफ स्कूल के संचालक नीरज बाजपेयी ने अपने उद्बोधन भाषण में कहा किए देश की आजादी में कई देशभक्तो ने बलिदान दिए हैंए उन वीर सपूतों एवं देश भक्तों को भुलाया नहीं जा सकता। उन देशभक्तों का भारत हमेशा ऋणी रहेगाए जिनके अथक प्रयासों से देश को आजादी मिली। इसके बाद भारत में हमें हमारे क्या अधिकार और हक हों इनके लिए हमें नियम और कायदों की जरूरत थीए इन नियम और कायदों हेतु एक राष्ट्रीय ग्रंथ का निर्माण किया गया जिसे 26 जनवरी 1950 को लागू किया गयाए जिसे कहते हैं भारत का संविधान।

ब्राह्मण समाज भवन कौरिन भांठा जिला राजनांदगाँव मे ध्वजारोहण किया गया

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। छत्तीसगढ़ी सरयूपारीय ब्राह्मण सभा भवन व श्री सरयूपारीणि ब्राह्मण समाज भवन कौरिन भांठा जिला राजनांदगाँव मे ध्वजारोहण किया गया जिसमे श्री शरद तिवारी, श्री मिथलेश शुक्ला, श्री अंबिका प्रसाद तिवारी, श्री श्रवण मिश्र, श्री उमेश मिश्रा, श्री अभ्यूदय पाण्डेय, श्री अशोक तिवारी, श्री अशोक पाण्डेय,श्री कमलेश स्वर्णकार, श्री भूपेश तिवारी,श्री महेन्द्र शुक्ला, श्री श्याम किशोर शर्मा, श्री अजय शर्मा, श्री कप्तान मिश्रा, श्री राघवेन्द्र मिश्रा, श्री महेन्द्र पाण्डेय, श्री पोषण शुक्ला, श्री अथर्व शुक्ला, श्री रोहित तिवारी, श्री अनिश तिवारी, श्री मनोज शुक्ला, श्री पवन तिवारी, श्री शैलेन्द्र तिवारी, श्री सौरभ तिवारी, श्री प्रशांत दुबे, श्री विष्णु नंद चौबे आदि उपस्थित रहे।

गणतंत्र दिवस समारोह मे शक्ति सिंह निरीक्षक, यातायात प्रभारी सम्मानित हुए

खैरागढ़ (नांदगांव टाइम्स)। 26 जनवरी 2025 को गणतंत्र दिवस समारोह में आज मुख्य अतिथि श्रीमती कमलेश जांगड़े सांसद, कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा और पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल की उपस्थिति में जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के कई अधिकारी कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिला खैरागढ़ छुईखदान गंडई शक्ति सिंह निरीक्षक,यातायात प्रभारी यातायात व्यवस्था में सराहनीय कार्य एवं क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र ससम्मान पत्र प्रदत्त किया गया और आपकी इस उपलब्धि पर जिला प्रशासन की ओर से बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई।

माँ कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट के द्वारा सुंदरकांड का पाठ किया गया...

लखराम (नांदगांव टाइम्स)। माँ कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट के तत्वाधान मे गुड़ी चौक लखराम में सुंदरकांड का पाठ एवम भजन कीर्तन किया गया, साथ में गुप्ता समाज के पदाधिकारियों का सम्मान किया गया, इस कार्य में लखराम प्रभारी श्रीमती शशि गुप्ता एवम ट्रस्ट के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे, सभी लोग ट्रस्ट की कार्यों का काफी सराहना किए, ट्रस्टी अध्यक्ष श्री संकर्षण शरण जी (गुरुजी) ने इस पवित्र कार्य के लिए सबको साधुवाद दिए।

भाजपा की नामांकन रैली आज

डोंगरगांव **(नांदगांव टाइम्स)।** नगरीय निकाय चुनाव की दृष्टि से भारतीय जनता पार्टी द्वारा अधिकृत अध्यक्ष सहित सभी पार्षद 28 जनवरी को अपना अपना नामांकन फार्म भरेंगे। इससे पूर्व भाजपा के चुनावी कार्यालय फौव्वारा चौक चौकी रोड से दोपहर 12 बजे गाजे बाजे और धूम धड़ाके साथ नामांकन रैली निकलेगी। जो नगर के विभिन्न मुहल्लों व नगर की गलियों का भ्रमण कर निर्वाचन कार्यालय पहुंचेगी। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, नेता तथा कार्यकर्ता सहित समस्त प्रत्याशीगण उपस्थित रहेंगे।

हिन्दू युवा मंच ने मनाया गया गणतंत्र दिवस.

राजनांदगाँव (नांदगांव टाइम्स)। हिन्दू युवा मंच जिला इकाई राजनांदगाँव ने स्थानीय स्वामी विवेकानंद चौक में 76वाँ गणतंत्र दिवस बड़े धूमधाम से मनाया। हिन्दू युवा मंच के शहर अध्यक्ष सुरेश लोहमार द्वारा तिरंगा झंडा फहराकर, सलामी दी गई। इस अवसर पर हिन्दू युवा मंच के जिलाध्यक्ष किशोर माहेश्वरी ने संविधान का महत्व समझाते हुए, बताया कि अधिकार हैं तो कर्तव्य भी हैं, बिना कर्तव्य के अधिकार का कोई महत्व नहीं है। इसलिए हमें मूल कर्तव्यों के अलावा, मूल कर्तव्यों का भी पालन कर देश के एक सच्चे और अच्छे नागरिक का परिचय देना चाहिए।

उक्त कार्यक्रम में, हिन्दू युवा मंच के जिलाध्यक्ष किशोर माहेश्वरी, शहर अध्यक्ष सुरेश लोहमार, शहर संयोजक राजा ताम्रकार, तोमेश साहू, राजू यदु, शैलेष साहू, विकास बंजारी, युगेश देवांगन, अनिकेत कुमार, निखिल राज, तुषार मांडवी, अंशु यादव, ऋतिक ताम्रकार, आदि जैन, शुभम देवांगन, भूपेंद्र यादव, रितेश सोनकर, स्वाधीन कुमार, डोमन धनकर और चंदू सहित बड़ी संख्या में हिन्दू युवा मंच के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे।व्यय लेखा जांच करते समय लोकसभा निर्वाचन 2024 के अनुमोदित दर सूची को आधार माना जाएगा।

संविदात्मक पदों की भर्ती

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। राजनांदगांव स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में रिसेप्शनिस्ट सह डेटा एण्ट्री आपरेटर (टायपिस्ट) एवं भृत्य (मुंशी अटेण्डेंट)की संविदात्मक पदों की भर्ती हेतु आवेदन मंगाए गए है। इच्छुक अभ्यर्थी जो निर्धारित मापदंडों का पूरा करते हो। वे दिनांक 25 फरवरी के शाम 5 बजे तक कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव , एडीआर भवन, जिला न्यायालय परिसर राजनांदगांव में रखे ड्राप बाक्स में अपना आवेदन विहित प्रारूप भरकर कार्यालयीन दिवस में जमा कर सकते है।

सप्ताह के सितारे (28 जनवरी 2025)

दैनिक शुभ राशि

सोम	1- 6- 9 - 0	69-96-60-06-90-09
मंगल	2- 5 - 8 - 9	25-52-29-91-59-95
बुध	4 - 5 - 6 - 0	45-54-46-64-40-04
गुरू	2- 3 - 6 - 0	24-42-26-62-20-02
शुक्र	3 - 5 - 6 - 7	49-94-56-65-50-05
शनि	1 - 7 - 8- 9	19-91-79-97-89-98

अंकों का बादशाह -0 सप्ताह में अचूक 1 - 3 - 7 - 8

सप्ताह का वरदान -5 स्पेशल - 12- 36 -76 -86

सप्ताह में देखे

(1) 11 - 13 - 17 - 18 (6) 61 - 63 - 67- 68
(2) 21 - 23 - 27 - 28 (7) 71 - 73 - 77 - 78
(3) 31 - 33 - 37 - 38 (8) 81 - 83 - 87 - 88
(4) 41 - 43 - 47 - 48 (9) 91 - 93 - 97 - 98
(5) 51 - 53 - 57 - 58 (10) 01 - 03 - 07 - 08

बीते पांच सप्ताह के रिकार्ड

(कल्याण)	(नाइट बाजार)
02-42-92-85-00-88	83-54-89-92-24
39-94-33-58-11-63	22-40-60-13-54
91-69-60-71-85-20	16-00-62-04-19
95-28-11-29-28-18	58-32-53-68-27
47-83-45-80-33-18	23-11-16-98-34

चेतावनी- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक का कोई जवाबदारी नहीं होगी।

संपादक

शाला वार्षिकोत्सव एवं बाल मेला कलरव का भव्य आयोजन

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। बच्चों को विभिन्न प्रकार के व्यंजनो से परिचित कराने एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभाओं को आगे लाने के उद्देश्य से स्थानीय शासकीय प्राथमिक शाला अंग्रेजी माध्यम डोंगरगांव में हर्षोल्लास के साथ वार्षिकोत्सव एवं बाल मेल कलरव का आयोजन दिनांक 25 जनवरी 2025 को संस्था प्रागंण में किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों, पालको एवं ग्रामजनों में विशेष उत्साह देखने को मिला। गरिमामय कार्यक्रम की शुरुआत संस्था के दो प्रमुख सेवानिवृत्त प्रधान पाठक हीरालाल ढ़ोमने, पवन ठाकुर की मुख्य आतिथ्य में दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से से हुई । कार्यक्रम के दौरान संस्था के प्रधान पाठक विजय जैन ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि हमारे विद्यालय के लिए अत्यंत हर्ष और गौरव का अवसर है कि आज हम सब मिलकर प्रतिवर्षानुसार वार्षिकोत्सव कलरव का आयोजन कर रहे हैं। आज मेरे लिए यह अत्यंत गर्व और भावुकता का क्षण है कि जिस विद्यालय में मैंने विद्यार्थी के रूप में अपने जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष बिताए, आज उसी विद्यालय में संस्था प्रमुख के रूप में आपके सामने खड़ा हूं। इस विद्यालय की दीवारें, यह परिसर, और यहाँ के शिक्षक मेरे जीवन के निर्माण में आधारशिला रहे हैं। यहाँ मैंने न केवल शिक्षा प्राप्त की, बल्कि जीवन के मूल्य, अनुशासन, और संघर्ष का महत्व भी सीखा हैं। उन्होने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम न केवल बच्चों के व्यक्तित्व विकास में सहायक होते हैं, बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाते हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था के सेवानिवृत्त शिक्षक हीरालाल ढोमने ने अपनी आसंदी से कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र छात्राओं का सर्वांगीण विकास ही उनकी सफलता को दर्शाता हैं। उन्होने संस्था को याद करते हुए कहा कि मेरे पिता जो स्वयं इस संस्था में प्रधान पाठक के पद पर रहे है एवं मै स्वयं इसी संस्था से पढ़कर इसी संस्था से प्रधान पाठक रहते सेवानिवृत हुआ हूँ । उन्होने कहा कि अंग्रेजो के समय से संचालित सन 1881 से इस संस्था का संचालन हो रहा है। इसी संस्था से आज कई छात्र छात्राएँ बहुत ही उच्च पदों पर अपनी शोभा बढ़ा रहे है। वही अध्यक्षता कर रहे संस्था के सेवानिवृत्त प्रधान पाठक पवन ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज बहुत ही गर्व का दिन है कि मेरे गुरू जिन्होने मुझे इस संस्था में अपना आशीर्वाद दिया उन्ही के आशीर्वाद से आज मै इस संस्था से प्रधान पाठक के पद तक पहुच कर सेवानिवृत्त हुआ हूँ। उन्होने विद्यालय के शिक्षकों और छात्रों के प्रयासों की सराहना की और कहा, कि इस तरह के आयोजन बच्चों को नई सोच और प्रेरणा प्रदान करते हैं । विदित हो कि कलरव वार्षिकोत्सव का प्रारंभ सेवानिवृत्त पवन ठाकुर के द्वारा ही प्रारंभ किया गया था जो कि इनके सेवानिवृत्त हो जाने पर आज तक हर साल इस कलरव उत्सव को बड़े ही धूमधाम से संस्था परिवार एवं पालको एवं विभिन्न समाजसेवियो व भूतपूर्व छात्र छात्राओं के सहयोग से लगातार मनाया जा रहा है ।

श्रीमती दुलारी यदु का किया गया विशेष सम्मान

संस्था की सेवानिवृत शिक्षिका श्रीमती दुलारी यदु का विशेष सम्मान संस्था परिवार की ओर से किया गया । विदित हो श्रीमती दुलारी यदु ने अपने जीवन के 45 वर्ष इस संस्था को समर्पित किया है एवं उनके द्वारा पढ़ाये गये छात्र आज उच्च पदो को सुशोभित कर रहे है एवं कई सेवानिवृत भी हो चुके है ।

सांस्कृतिक कार्यक्रम – शाला के छात्र- छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने नृत्य, नाटक, गायन और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। इन प्रस्तुतियों ने समाज के विभिन्न मुद्दों पर जागरूकता फैलाने का काम भी किया।

बाल मेला – शाला परिसर में पालक एवं विभिन्न समाजसेवी द्वारा बाल मेले में लगाए गए विज्ञान और कला के प्रोजेक्ट ने उनकी रचनात्मकता और ज्ञान को प्रदर्शित किया। इसके साथ ही विभिन्न खेल, मनोरंजन स्टॉल और खानपान की दुकानों ने मेले को और भी आकर्षक बना दिया।

प्रतिभा सम्मान – संस्था के छात्र-छात्राओं को उनके विभिन्न प्रतिभाओं के लिए संस्था की ओर से उन्हे प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। वही सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्र- छात्राओं को विभिन्न प्रकार के डांस , नाटक, एवं शिक्षा पद कार्यक्रम को बच्चो के सफल संचालन के लिए कोरियोग्राफर आशीष कामड़े का सम्मान प्रतीक चिन्ह एवं शॉल श्रीफल से सम्मानित किया गया । विदित हो लगातार पाँच वर्ष से आशीष कामड़े बच्चो को नि:शुल्क सांस्कृतिक कार्यक्रम सिखाने का कार्य कर रहे है।

उद्बोधक का सम्मान – कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए गजेन्द्र हरिहरनो दीप का सम्मान संस्था परिवार की ओर से प्रतीक चिन्ह एवं शॉल श्रीफल से सम्मानित किया गया । विदित हो प्रतिवर्ष गजेन्द्र हरिहरनो दीप द्वारा कार्यक्रम का सफल संचालन किया जाता है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी रोहित लाल पात्रे, नायाब तहसीलदार ज्ञाना राजपूत, सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी रश्मि ठाकुर, जयंत कुमार साहू, सेवानिवृत शिक्षक रामकुमार ठाकुर, जे.आर.यादव, मनबोधी लाल माली, उधोराम डहरे, राजेन्द्र वैष्णव, एम.एच.खान, हरिकुमार साहू, पदमिनी ठाकुर की उपस्थिति मुख्य रूप से रही।

सांकरदाहरा में देवांगन समाज ने कुल देवी परमेश्वरी मां का किया प्राणप्रतिष्ठा

डोंगरगांव। मोक्षधाम सरकार धारा में 23 एवं 24 जनवरी को दो दिवसीय मां परमेश्वरी का प्राण प्रतिष्ठा देवांगन समाज के द्वारा आयोजित किया गया प्रथम दिवस कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई पश्चात वेदी पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ 24 जनवरी को अशादिवास एवं फुलधिवास के साथ मां परमेश्वरी का प्राण प्रतिष्ठा पंडित इंद्रजीत तिवारी के द्वारा किया गया कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्र के देवांगन समाज एवं पूरे प्रदेश भर के देवांगन समाज के लोग उपस्थित हुए। सांकरदाहरा में देवांगन समाज का मां परमेश्वरी मंदिर 1985 में निर्मित किया गया था जिसका जीणोद्धार एवं मां परमेश्वरी की नई मूर्ति की का प्राण प्रतिष्ठा देवांगन समाज की द्वारा जन सहयोग से किया गया। कार्यक्रम के आयोजक डोंगरगांव राज देवांगन समाज के द्वारा मंदिर के निर्माण एवं मूर्ति के लिए सहयोग देने वाले समाज की लोगों को साल एवं मोमेंटो से सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि दिनेश गांधी, जागृति यदु ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में डोगर गांव राज देवांगन समाज के अध्यक्ष मुकेश देवांगन ने कार्यक्रम में सहयोग देने के लिए सभी सामाजिक बंधुओं का धन्यवाद ज्ञापित किया।माताजी की हवन आरती के बाद कन्याभोज एवं भंडारा का आयोजन किया गया। डोंगरगांव राज देवांगन समाज के संरक्षक अकबर देवांगन, ने समाज की गतिविधि से संबंधित प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। छोटे बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम सभी अतिथियों एवं दर्शकों का मन मोह लिया।

शुभांक

2-3-8

289-9 349-6

भाग्यांक

356-4 467-7

नाम परिवर्तन

मै धनश्याम यादव आ. श्री मोहन यादव, आयु 37 वर्ष, निवासी मकान नं. 1309, वार्ड नं. 38 बसंतपुर राजनांदगांव तहसील एवं जिला राजनांदगांव (छ.ग.).

यहतपथपूर्वक कथन करता कि :-

यह कि मेरा नाम एवं पता उपरोक्तानुसार है।

यह कि मेरे 15 वर्षीय नाबालिक पुत्र के शैक्षणिक दस्तावेजो में मेरे पुत्र का नाम तेज कुमार यदु दर्ज है जबकि, उसके आधार कार्ड एवं अन्य शासकीय एवं अर्द्धशासकीय दस्तावेजों में उसका नाम तेज कुमार यादव, दर्ज है। नाम में एकरूपता लाने हेतु मै अपने पुत्र का नाम तेज कुमार यादव (TEJ KUMAR YADAV) रखना चाहता हूँ जिसके चलते उसके समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों / शासकीय / अर्द्धशासकीय / बैंकिग दस्तावेज एवं आधार कार्ड तथा अन्य समस्त दस्तावेजों में जहां भी मेरे पुत्र का नाम तेज कुमार यदु दर्ज है, के स्थान पर संशोधन कर - तेज कुमार यादव (TEJ KUMAR YADAV) दर्ज कराना चाहता हूँ, एवं उक्त नाम परिवर्तन की सूचना राजपत्र में प्रकाशित करवाना चाहता हूँ।

घनश्याम घनश्याम यादव
निवासी मकान नं. 1309,
वार्ड नं. 38 बसंतपुर
तहसील एवं जिला राजनांदगांव

नाम परिवर्तन

मै धनश्याम यादव आ. श्री मोहन यादव, आयु 37 वर्ष, निवासी मकान नं. 1309, वार्ड नं. 38 बसंतपुर राजनांदगांव तहसील एवं जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

यह यथपूर्वक कथन करता हूँ कि :-

यह कि मेरा नाम एवं पता उपरोक्तानुसार है।

यह कि मेरे 14 वर्षीय नाबालिक पुत्र के शैक्षणिक दस्तावेजो में मेरे पुत्र का नाम यशवंत कुमार यदु / यशवंत यादव, दर्ज है जबकि, उसके आधार कार्ड एवं अन्य शासकीय एवं अर्द्धशासकीय दस्तावेजों में उसका नाम यशवंत कुमार यादव, दर्ज है। नाम में एकरूपता लाने हेतु मैं अपने पुत्र का नाम यशवंत कुमार यादव (yashwant kumar yadav) रखना चाहता हूँ जिसके चलते उसके समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों / शासकीय / अर्द्धशासकीय / बैंकिग दस्तावेज एवं आधार कार्ड तथा अन्य समस्त दस्तावेजों में जहां भी मेरे पुत्र का नाम यशवंत कुमार यदु/यशवंत यादव, दर्ज है, के स्थान पर संशोधन कर यशवंत कुमार यादव (yashwant kumar yadav) दर्ज कराना चाहता हूँ, एवं उक्त नाम परिवर्तन की सूचना राजपत्र में प्रकाशित करवाना चाहता हूँ।

घनश्याम यादव
निवासी मकान नं. 1309,
वार्ड नं. 38 बसंतपुर
तहसील एवं जिला राजनांदगांव

मदरसे में हुआ ध्वजारोहण, बड़ी संख्या में शामिल हुए मुस्लिम समाज के लोग

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। शहर के ताजनगर-रामनगर क्षेत्र के मदरसा गुलशने रजा में गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुस्लिम समाज के लोगों ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान समाज के लोगों ने गणतंत्र दिवस का उत्साह देशभक्ति पूर्ण वातावरण में मनाया और मदरसे में बच्चों के बीच देशभक्ति पर आधारित चित्रकला एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 55 बच्चों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर बच्चों ने देश भक्ति को प्रदर्शित करते हुए आकर्षक चित्रकारी की। पेंटिंग जूनियर कैटेगरी में अलीना ने प्रथम, फरहान ने द्वितीय और तशमीरा ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं सीनियर कैटेगरी में शेख जोया परवीन ने प्रथम, शाजिया खान ने द्वितीय और सामिया ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं प्रश्नोत्तरी में शाजिया खान ने प्रथम, ईशान ने द्वितीय और सनाया अंसारी ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्रश्नोत्तरी जुनियर में अहद प्रथम, शेख इरतेकाफ द्वितीय और जसीम खान तृतीय रहे। गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर महिला कमेटी की प्रमुख शमसुन्निशा, तसलीम सूफी, खैरुन्निशा, मुस्तकीम अंसारी, जरीना खान, फरीदा अंसारी, नफीसा शेख, नाजमा निशा, नाजिया शेख सहित मदरसा कमेटी के युसुफ सूफी, कप्तान कुरैशी, नासिर खान, रज्जाक खान, शेख सुलेमान, राजीक कुरैशी, निजाम खान, हफीज खान, रफीक खान, सद्दामखान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण

गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह में जामा मस्जिद के मुतवल्ली हाजी रईस अहमद शकील बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में हाफिज सोहेल हुसैन, मो.इब्राहिम मुन्ना भाई उपस्थित रहे।

कार्यालय नगर पंचायत डोंगरगांव, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

नामान्तरण प्रकाशन सूचना

कमांक 1757/रा.नामा./न.प./2024-25 डोंगरगांव, **दिनांक 23/1/25**

ईशहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

कर निर्धारण के स्वामित्व खाते (कर मांग पंजी) में हक हस्तातरण हेतु निम्नांकित आवेदन प्राप्त हुये

क्र.	वार्ड क्रमांक	वार्ड का नाम	भवन डिमांड क्रमांक	रकबा/खसरा क्रमांक	भूमि/भवन	वर्तमान मकान/भूमि हस्तांतरण कर्ता का नाम/विक्रेता	आवेदक (खरीददार का नाम)	स्वामित्व अर्जन का स्वरूप
1	2	सात रविदास वार्ड		468, रकबा 360 वर्गफीट	भूमि/भवन	स्व. चिंताराम मालेकर पिता- स्व. शिव प्रसाद वार्ड क्रमांक-02 किलरुवाना-डोंगरगांव	श्रीमती जमुना बाई पति-स्व. चिंताराम सोनर वार्ड क्रमांक-02 किलरुवाना-डोंगरगांव	महापति पत्र

हेतु आवेदन पेश किया गया है, यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त ईशहार / नामांतरण के संबंध में स्वामित्व हक या दावा रखते है तो ईशहार प्रकाशन दिनांक से 30 दिनों के भीतर प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति लिखित में पेश कर सकते हैं। ईशहार के समयावधि समाप्ति पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत डोंगरगांव

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिकाण्डधिकारी लोरमन्ड जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

- ईश्तहार:-

रा.मा.क्र.अ.वी इ1 वर्ष 201-201

ख्ह द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक निर्मिला मतेरी पिता चन्द्रशेखर मतेरी निवासी सदर / ग्राम लोरमन्ड प.ह.नं.-31 तहसील लोरमन्ड जिला राजनांदगांव द्वारा अपने माता स्वर्गी मतेरी पिता सर्वोत्तम सोनी मृत्यु प्रमाण पत्र की मॉग की गई है। अतोव आवेदन पत्र इस न्यायालय में मृत्यु दिनांक 08/08/2008 को स्थान लोरमन्ड पर होना बताया प्रकार मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु प्रकरण विचारधीन है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो, ये सुनवाई तिथि 07/02/2025 लिखित में स्वयं/अपना अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा / आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार दिनांक 23/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक- 23/01/2025
सुनवाई दिनांक- 07/02/2025

सील कार्यपालिक दण्डाधिकारी लोरमन्ड

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिकाण्डधिकारी लोरमन्ड जिला राजनांदगांव (छ.)

- ईश्तहार:-

रा.मा.क्र.अ.वी इ1 वर्ष 201-201

ख्ह द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक लक्ष्मी सिंह आ. नरपत देव सिंह निवासी सदर / ग्राम लोरमन्ड प.ह.नं. तहसील लोरमन्ड जिला राजनांदगांव द्वारा अपने स्वयं लक्ष्मी सिंह आ. नरपत देव सिंह जन्म प्रमाण पत्र की मॉग की गई है। अतोव आवेदन पत्र इस न्यायालय में जन्म दिनांक 06/05/1963 स्थान लोरमन्ड पर होना बताया प्रकार जन्म प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु प्रकरण विचारधीन है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो, ये सुनवाई तिथि 05/02/2025 लिखित में स्वयं/अपना अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा / आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार दिनांक 23/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक- 23/01/2025
सुनवाई दिनांक- 05/02/2025

सील कार्यपालिक दण्डाधिकारी लोरमन्ड

न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला कमांक: 2025010922000033

मामले की श्रेणी- राजस्व
सन्- 2024-2025
विषय- ब-121
खसरों प.ह.न 00031[(ठेव)]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार - नागवी,
अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

ख्ह द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका नागवी पति अम्पन जाति मरार सा. खसरो तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदिका के पुत्री पुनम आ. अम्पन की जन्म दिनांक 06.03.2007 को ग्राम खसरों में हुआ है, के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदान किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः अपोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उज्र व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 28.01.2025 प्रातः पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

पति लिखि आवेदिका नागवी पति अम्पन जाति मरार सा. खसरो तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव ईश्तहार का प्रकाशन दैनिक समाचार पत्र में करवाकर एक प्रति इस न्यायालय में पेश करे।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पंजाकृत से आज दिनांक 09/01/2025 को जारी किया जाता है।

सील तहसीलदार डोंगरगढ़

न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला कमांक: 2025010922000029

मामले की श्रेणी- राजस्व
सन्-2024-2025
विषय-ब-121
खसरों प.ह.न. 00031[(ठेव)]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार नागवी,
अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

ख्ह द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका नागवी पति अम्पन जाति मरार निवासी ग्राम खसरों तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदिका के पुत्र टोनू आ. अम्पन की जन्म दिनांक 15.07.2009 को ग्राम खसरों में हुआ है, के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदान किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः अपोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उज्र व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 28.01.2025 प्रातः पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

पति लिखि आवेदिका नागवी पति अम्पन जाति मरार निवासी ग्राम खसरों तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव ईश्तहार का प्रकाशन दैनिक समाचार पत्र में करवाकर एक प्रति इस न्यायालय में पेश करे।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पंजाकृत से आज दिनांक 09/01/2025 को जारी किया जाता है।

सील तहसीलदार डोंगरगढ़

कार्यालय राजस्व निरीक्षक डोंगरगांव, तहसील डोंगरगांव, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

सीमांकन सूचना
डोंगरगांव, दिनांक 27/01/2025

ख्ह द्वारा समस्त सीमावर्ती कृषकगण तथा समस्त हितबद्ध पक्षकारो ग्राम लेखाटोला, डोंगरगांव प.ह.न. 24, तहिम डोंगरगांव, तहसील डोंगरगांव को सूचित किया जाता है, कि आवेदक श्री आर डी इन्नाकरपवार इमाद पार्टनर दीपेश जैन आ. हरिहांट जैन निवासी ग्राम बागपुर, राजकुमार पंजवानी निवासी ग्राम बीनोरिटी कसोनी राजनांदगांव द्वारा सीमांकन हेतु ग्राम डोंगरगांव स्थित आवेदित भूमि खसरा नं0 175/19 रकबा 0.085 का सीमांकन कार्य न्यायालय तहसीलदार डोंगरगांव के न्यायालय में मामला कमांक 2025010919000063/अ-12/दिनांक 22.01.2025 के परिपालन में दिनांक 04.02.2025 को समय प्रातःकाल 11:00 बजे से 5:00 बजे मेरे द्वारा किया जाएगा। अतः आवेदक/अनावेदक एवं सीमावर्ती कृषकगण सीमांकन हेतु नियत दिनांक एवं समय को आवश्यक दस्तावेज, टीसिट्री बनवाना के साथ उपस्थित होवे। इस संबंध में किसी व्यक्ति / हितबद्ध पक्षकार को दावा / आपत्ति हो तो वे सीमांकन दिनांक के पूर्व या सीमांकन के समय दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद में दावा / आपत्ति स्वीकार नही होगा। सीमांकन दिनांक 04.02.2025 समय प्रातःकाल 11:00 बजे से 5:00 बजे आवेदित खसरा नं. 175/19 रकबा 0.085 हेक्टेर ।

सील राजस्व निरीक्षक डोंगरगांव तहसील डोंगरगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

कार्यालय राजस्व निरीक्षक डोंगरगांव, तहसील डोंगरगांव, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

सीमांकन सूचना
डोंगरगांव, दिनांक 27/01/2025

ख्ह द्वारा समस्त सीमावर्ती कृषकगण तथा समस्त हितबद्ध पक्षकारो ग्राम डोंगरगांव प.ह.न. 23, तहिम डोंगरगांव, तहसील डोंगरगांव को सूचित किया जाता है, कि आवेदक श्री आर डी इन्नाकरपवार इमाद पार्टनर दीपेश जैन आ. हरिहांट जैन निवासी ग्राम बागपुर, राजकुमार पंजवानी निवासी ग्राम बीनोरिटी कसोनी राजनांदगांव द्वारा सीमांकन हेतु ग्राम डोंगरगांव स्थित आवेदित भूमि खसरा नं0 106 तथा 107, 15002 रकबा 0.198, 4.840 का सीमांकन कार्य न्यायालय तहसीलदार डोंगरगांव के न्यायालय में मामला कमांक 2025010919000063/अ-12/दिनांक 22.01.2025 के परिपालन में दिनांक 04.02.2025 को समय प्रातःकाल 11:00 बजे से 5:00 बजे मेरे द्वारा किया जाएगा। अतः आवेदक/अनावेदक एवं सीमावर्ती कृषकगण सीमांकन हेतु नियत दिनांक एवं समय को आवश्यक दस्तावेज, टीसिट्री बनवाना के साथ उपस्थित होवे। इस संबंध में किसी व्यक्ति / हितबद्ध पक्षकार को दावा / आपत्ति हो तो वे सीमांकन दिनांक के पूर्व या सीमांकन के समय दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद में दावा / आपत्ति स्वीकार नही होगा। सीमांकन दिनांक 04.02.2025 समय प्रातःकाल 11:00 बजे से 5:00 बजे आवेदित खसरा नं 106, 15002 रकबा 0.198, 4.840 हेक्टेर ।

सील राजस्व निरीक्षक डोंगरगांव तहसील डोंगरगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

न्यायालय कलम तहसीलदार राजनांदगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

-: ईश्तहार :-

रा.मा.क्र. भू-2025010900015 अ/21 (1) वर्ष 2024-25

ख्ह द्वारा समस्त आमजनी आम करना प.ह.नं.-29, रा.नि.मं. सुखनदीपार तहसील व जिला राजनांदगांव को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सुमन लाल बोदेले आ. सदर बोदेले जाति-कंवर, निवासी आम कन्हेड़ी तहसील डोंगरगांव जिला राजनांदगांव द्वारा स्वयं के स्वामित्व की आम करना खसरा नं 29 तहसील व जिला राजनांदगांव रिपल भूमि खसरा नं0 2319/2

ज्ञान मंथन

1) हाल ही में, भारत माता सरोवर कहाँ स्थापित किया गया?
2) हाल ही में, एशियाई विकास बैंक का 69वां सदस्य देश कौन बना है?
3) हाल ही में, पुलिस स्मृति दिवस 2024 कब मनाया गया?
4) हाल ही में, मेरा होउ चोंगबा महोत्सव 2024 कहाँ मनाया गया?
5) हाल ही में दिवंगत हुए कनक राजू का संबंध किससे है?

RamaQuiz (Pappu Ganesh)

उत्तर माला

(1) गुजरात (2) इजराइल (3) 21 अक्टूबर (4) मणिपुर (5) गुसाड़ी लोक नृत्य

आयुक्त ने ली एस.एल.आर.एम. सेंटर प्रभारियों की बैठक

कचरा पृथककरण के लिये जन जागरूकता लाने दिये निर्देश

राजनांदगांव। स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक सुधार लाने एवं कचरा पृथककरण के लिये जन जागरूकता लाने आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने एसएलआरएम सेन्टर प्रभारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने प्रभारियों से प्रतिदिन घर घर कचरा एकत्रित कर घर में ही कचरा पृथक करने समझाईस देने तथा सतप्रतिशत यूजर चार्ज वसूली करने के निर्देश दिये।

निगम आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने एसएलआरएम सेन्टर प्रभारियो से कहा कि आगामी दिनों में स्वच्छता सर्वेक्षण की टीम आने वाली है, उसके पूर्व व्यवस्था में सुधार करना है। इसके पूर्व की टीम ने कहा है कि राजनांदगांव में पहले जैसा काम सेन्टर में नहीं हो रहा है, इसे गंभीरता से लेना है। उन्होंने कहा कि कई सेन्टरों में स्वच्छता दीदीयो पर सुपरवाईजरो का नियंत्रण नहीं है। आप लोगों का काम सुबह उपस्थिति लेने के बाद उनके कचरा संग्रहण स्थल में जा कर देखना भी है, कि दीदीया डोर टू डोर कचरा संग्रहण कर रही है कि नहीं। उन्हें बताये कि वे घर से ही कचरा अलग अलग कर लेये, इस संबंध में लोगों को समझाईस देने कहे। यदि उनकी बाते नहीं मानते तो आप लोग जाकर समझाईस देवे तथा उनके घर के सामने ही कचरा पृथककर बतावे। उन्होंने कहा कि कुछ घरों में डस्टबिन नहीं है कि शिकायत की जाती है, इस संबंध में घर वालों को बतावे कि आपके घर का कचरा आपको अलग अलग रखना है और घर में ही कचरा पृथककर स्वच्छता दीदीयों को देना है। आयुक्त ने कहा कि जिन

दीदीयों के द्वारा कचरा कम लाया जाता है उनसे कारण पूछे, क्योकि वो या तो कचरा संग्रहण ठीक से नहीं कर रही है या मुक्कड में कचरा डाल रही है। उन्होंने कहा कि कई स्वच्छता दीदीयों द्वारा कचरा इधर उधर डालने संबंधी शिकायत लोगों के द्वारा की जाती है। इस प्रकार का कार्य न हो इसके लिये निगरानी करे तथा लंबे समय से अनुपस्थित दीदीयों की प्रभारी को जानकारी देवे। उन्होंने कहा कि गीला कचरा के लिये बने पीठ का उपयोग ठीक से नहीं हो रहा है, इस पर ध्यान देकर कार्य करे, ताकि खाद बनने में सुविधा होवे। उन्होंने सतप्रतिशत युजर चार्ज वसूली करने के साथ साथ शासन द्वारा निर्धारित घरेलू व व्यवसायिक दर अनुसार वसूली सुनिश्चित करने कहा। सेन्टर में किये जाने वाले कार्य की सूची बनाकर बोर्ड लगाने कहा, जिससे लगे कि क्या क्या काम होता है, सेन्टर को साफ सुथरा व व्यवस्थित रखे, जिससे आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण में उसका लाभ मिले। कचरा संग्रहण एवं पृथककरण के संबंध में आ रही कठनाई के संबंध में सेन्टर प्रभारियों से आयुक्त ने जानकारी ली। प्रभारियों ने अपना अनुभव साझा कर जानकारी देते हुये बताया कि कुछ लोगों के द्वारा कचरा पृथक कर नही दिया जाता इसके लिये उन्हें समझाईस दी जाती है और युजर चार्ज भी समय पर नहीं देते, इसके अलावा सेन्टर में कुछ कार्य की आवश्यकता है तथा कुछ गाड़ीया खराब हो गयी है, जिसे सुधराना है। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने मिशन क्लीन सिटी प्रभारी व स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा से सेन्टर में आवश्यक व्यवस्था व मरम्मत कराने कहा। श्री मिश्रा ने बताया कि अधिकांश सेन्टरों में मरम्मत कार्य स्वीकृत है तथा मोहारा सेन्टर में बाउण्ड्रीवाल का कार्य प्रगति पर है। आयुक्त ने मोटर प्रभारी श्री सुरेन्द्र साव से कहा कि सभी खराब गाड़िया जल्द सुधार किया जाये, इसके अलावा जिन गाड़ियों की स्पीकर खराब है, उसे भी सुधारा जाये और प्रत्येक गाड़ी में घर से कचरा निकालने संबंधी गाना बजाया जाये तथा गीला कचरा सुखा कचरा अलग अलग डब्बे में रखने एवं घर में ही कचरा पृथककरण करने संदेश भी बजाया जाये। बैठक में स्वच्छता निरीक्षक श्री दीपक श्रीवास्तव, जिला समन्वयक एस.बी.एम. श्री देवेश साहू सहित एस.एल.आर.एम. सेन्टर प्रभारी उपस्थित थे।

अतिक्रमण हटाने निगम की कार्यवाही

राजनांदगांव। नगर निगम सीमांतर्गत अवैध निर्माण एवं शासकीय भूमि पर हो रहे अतिक्रमण पर प्रभावी रूप से रोकथाम करने के लिये

निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा द्वारा गठित अतिक्रमण दस्ता शहर में प्रतिदिन निरीक्षण कर और शिकायत के आधार पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही कर रही है। आज शिवाजी पार्क के बाजू लगे ठेला खोमचा हटाया गया और गुरूद्वारा के पास पसरा नहीं लगाने पसरा वालों को समझाईस दी गयी। रोड एवं चौक चौराहो में अतिक्रमण कर ठेला खोमचा रखने या मटेरियल व मलमा रखने की जानकारी होने पर नगर निगम की गठित दल अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही कर रही है। वही उनके द्वारा निरीक्षण के दौरान अतिक्रमित पाये जाने पर भी कार्यवाही की जा रही है। आज आयुक्त के निर्देश पर शिवाजी पार्क के बाजू ठेला लगाकर व्यवसाय किया जा रहा था, जिसमें से दो ठेला निगम की टीम ने हटाया एवं एक ठेला स्वयं के द्वारा हटा लिया गया। उसके आस पास के अन्य लोगों को भी ठेला खोमचा नहीं लगाने की समझाईस दी गयी है। इसी कडी में गुरूद्वारा के पास ठेला खोमचा व पसरा लगाने वालों को पसरा हटाने समझाईस दी गयी है। साथ ही गुरूद्वारा कमेटी को नोटिस दिया गया है कि आप गुरूद्वारा के आस पास ठेला व पसरा न लगाने दे क्योकि इससे यातायात बाधित होने के साथ साथ गंदगी फैलती है। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने अतिक्रमण दस्ता से कहा कि शहर में जहाँ जहाँ पर अतिक्रमण किया जा रहा है। उसे तत्काल हटाया जाये और संबंधित के विरूद्ध निगम प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाये। उन्होंने व्यवसायियो से भी कहा है कि वे अपने दुकान के अंदर ही समान रखे साथ ही सडक में निर्माण समाग्री भी न रखे, अन्यथा अर्थदण्ड के साथ साथ जप्ती की कार्यवाही भी की जावेगी।

निधन

राजकुमार द्विवेदी

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता ,

ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष रह चुके समाजसेवी तथा ग्राम पंचायत शिवपुरी के सरपंच राजकुमार द्विवेदी का आज रायपुर हॉस्पिटल में इलाज के दौरान दुखद निधन हो गया। श्री द्विवेदी डोंगरगढ़ जनपद के पूर्व में कृषि सभापति भी रहे हैं एवं भवानी मंदिर ट्रस्ट समिति के पूर्व में अध्यक्ष रहते हुए मां भवानी मंदिर को पर्यटन स्थल का दर्जा भी दिलवाया था। भारत देश के दूसरे तथा प्रदेश के प्रथम निर्मल ग्राम का शिवपुरी ग्राम पंचायत को दर्जा दिलवाने में श्री द्विवेदी की अहम भूमिका रही है ।श्री द्विवेदी राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित भी हुए थे। सेवानिवृत अनुविभागीय कृषि अधिकारी रमाकांत द्विवेदी के ज्येष्ठ पुत्र एवम् युवराज द्विवेदी, शिवराज द्विवेदी के पिता राजकुमार द्विवेदी अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ कर के गए ।इनका अंतिम संस्कार मंगलवार को प्रातः 10 बजे सिविल लाइन ब्राम्हण पारा स्थिति निवास से शव यात्रा निकल कर चौथना के शव दाह गृह में किया जाएगा।

कमला कालेज में पीएम-उषा के अंतर्गत वर्कशॉप का आयोजन

राजनांदगांव। शासकीय कमला देवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव में प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के अनन्तर्गत लिंग समावेशन और समानता पहल विषय पर आई.क्यू.ए.सी. के तत्वाधान में संचार कौशल पर पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का प्रारंभ दिनांक 7 जनवरी 2025 को डॉ. राजेश पाण्डेय, अतिक्ति संचालक, दुर्गसंभाग, दुर्ग एवं श्री विवके सोनी एवं प्राचार्य डॉ.आलोक मिश्रा की अध्यक्षता में किया गया। दिनांक 7 जनवरी 2025 को श्री विवके सोनी निर्देशक और संस्थापक आर.सी.आई द्वारा रोजगारोपरक मानसिकता विषय पर कहा गया कि सार्वजनिक साक्षात्कार और समूह चर्चा में क्याकरें और क्या न करें ।दिनांक 08 जनवरी 2025 को श्रीमति दीप्ती बिन्दल युगान्तर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव द्वारा सही उच्चारण, तनाव प्रबंधन तथा आत्म स्वीकृति विषय पर व्याख्यान देते हुये आत्मविश्वास का महत्व बताया गया ।09 जनवरी 2025 को श्री रूपेश गुप्ता, अध्यक्ष, प्रिज्म

महाविद्यालय द्वारा पारस्पारिक और अंतरव्यक्तित्व संचार, व्यक्तित्व विकास, साकारात्मक दृष्टिकोण विषय पर कहा गया एवं सार्वजनिकरूप से प्रश्न पूछने और उत्तर देना प्रारंभ करने का हौसला दिया गया। दिनांक 10 जनवरी 2025 एवं 11 जनवरी 2025 को पुनः श्री विवेक सोनी द्वारा क्रमशः नौकरी के लिए बायोडाटा और सी.वी. को प्रभावी ढंग से कैसे लिखा जावे विषय में बताया गया तथा तत्कालिक भाषण नौकरी के लिए साक्षात्कार की तैयारी कैसे करें । विषय पर व्याख्यान एवं चर्चा और मौक इन्टरव्यूव की गतिविधि को कराया गया। संचार कौशल विषय पर आधारित पांच दिवसीय कार्यशाला की संयोजक डॉ.हरप्रीत कौर गरचा समन्वयक डॉ.चेतना गुप्ता, सचिव डॉ.मोना माखिजा एवं, सहसचिव कु.प्रिया तलरेजा रही। इस कार्यशाला में 75 छात्राओं ने भाग लिया। छात्राओं द्वारा वक्ताओं से जिज्ञासावश प्रश्न पूछे जिन्हे वक्ताओं ने अपने वक्तव्य द्वारा संतृष्ट किया। छात्राओं द्वारा फीडबैक लिया गया जिसमें अधिकतर छात्राओं ने कार्यशाला के आयोजन को अपने लिए लाभकारी बताया। कार्यशाला के समापन में बेस्ट प्रतिभागी का चयन किया गया जिसमें प्रथम स्थान कु. नेहा वर्मा एम.एस.सी. तृतीय सेमेस्टर , द्वितीय स्थान कु.श्रेया देवांगन एम.एस.सी.प्रथम सेमेस्टर, एवं तृतीय स्थान कु.नीतू उइके बी.एस.सी. तृतीय वर्ष एवं चतुर्थ स्थान कु. नेहा सिन्हा एम.एस.सी. तृतीय सेमेस्टर को मोमेन्टो व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा अन्य सभी प्रतिभागी छात्राओं को प्रमाणपत्र व किट दिया गया।

मोबाइल एसोसिएशन की वार्षिक बैठक में सर्वसम्मति से अरुण डुलानी को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। संस्कारधानी मोबाइल एसोसिएशन की वार्षिक बैठक में सर्वसम्मति से श्री अरुण डुलानी को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई आने वाले वर्ष के लिए उन्होंने अपनी टीम तैयार की और अपने उद्धोधन में जोर दे के कहा कि मैं और हम मै बहुत फर्क होता है जब तक हम संगठति नहीं होंगे तब तक किसी भी परिस्थितियों का मुकाबला नहीं कर पाएंगे सबका साथ सबका विकास के मुद्दे से हम सबको आगे बढ़ना है । अध्यक्षः अरुण डुलानी , उपाध्यक्ष : प्रवेश चोपडा विक्की भाटिया, सलाहकार : राजू नाहटा अमर नवलानी राज जयसिंघानी ताज भाई, संरक्षक : हरिश गंगवानी सुलेमान लालानी, कोषाध्यक्ष : अजय जैन , सहकोषाध्यक्ष : आशीष परसानी, मीडिया प्रभारी : मनीष मानिकपुरी रोशन विरवानी, सचिव : संजू नाहटा, सहसचिवः प्रणय चौरड़िया, मंत्री - अभय जैन, गोपाल राठी, पूनम कोचर,जवाहर बैद, प्रीतेश पारख, रजत गुप्ता,सांस्कृतिक प्रभार : नवीन डिब्बानी, अभिषेक नाहटा, सौरभ सुराना,कार्यकारिणी सदस्यः विनेश झाबाक, सुबोध गोस्वामी, विजय होलानी, रितेश कोचर, धीरज पृथ्वानी, संतोष गुप्ता तरुण साहु, नीरज हरिहरनों, पंकज मोटवानी, साहिल पंजवानी यह जानकारी संस्कारधानी मोबाइल एसोसिएशन राजनांदगांव के मीडिया प्रभारी मनीष मानिकपुरी ने दिया।

समृद्ध गणतंत्र हीदेश की मजबूत पहचान है- नीरज बाजपेयी

नीरज विद्या मंदिर में धूमधाम से मना 76वां गणतंत्र दिवस

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था नीरज विद्या मंदिर (मोहड़) में 76वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथमनायागया। इस अवसर पर बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स एव शिक्षाविद इंजी. नीरज बाजपेयी, श्रीमती सोनल बाजपेयी, इंजी. दिलीप तिवारी, श्री रितेश शर्मा, श्री नीरज कोटड़िया, श्री समीर पोद्दार, सुश्री कुंतल बाजपेयी, एक्गजिक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती पुष्पा बाजपेयी, प्राचार्या सुश्री अंजुम जहान एवं प्रशासक श्री जीराम सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं भारत माता के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण से हुआ। शाला प्रबंधन पदाधिकारियों के हाथों ध्वजारोहण हुआ। अतिथियों का स्वागत संस्था के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बोर्ड

ऑफ डायरेक्टर्स इंजी. नीरज बाजपेयी ने कहा कि गणतंत्र की अमरता का रहस्य देश के प्रत्येक नागरिक के बीच आपसी सामंजस्य एवं एक-दूसरे के प्रति सौहार्द्र में छिपा है। अपने अधिकारों का उपयोग करते हुए औरों के अधिकारों के प्रति सम्मान का भाव रखते हुए ही हम देश की आज़ादी को अक्षुण्ण बनाए रख सकते हैं। एग्जीक्यूटीव डायरेक्टर श्रीमती पुष्पा बाजपेयी ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि हमारा गणतंत्र हमें यही संदेश देता है कि हम एक दूसरे के अधिकारों को सम्मान देते हुए आपसी भाई चारे के साथ रहें। संस्था प्राचार्या नेअपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि लोकतंत्र इसदेश की विशिष्ट पहचान है। इस तंत्र में हम स्वयं की उन्नति करते हुए राष्ट्र को प्रगति की दिशा में ले जा सकते हैं। कार्यक्रम में संस्था के विद्यार्थियों ने चित्ररेखा धनकर मैम एवं सम्प्रदा रत्नाकर मैम के मार्गदर्शन में समूह नृत्य एवं गीतों की सिलसिलेवार प्रस्तुति दी। छात्रा आयुषी श्रीवास्तव, अस्तेषा चक्रवर्ती, शिक्षा ठाकुर ने प्रभावी भाषण दिए। क्लास 1 की छात्रा लाइजा देवांगन ने काव्य पाठ किया। वहीं क्लास 1 अ,ब के बच्चों ने ''नन्हा मुन्ना राही हूँ देश का सिपाही हूँ' गीत की सामूहिक प्रस्तुति देकर पूरे वातावरण को देशभक्ति के रंग से रंग दिया। संगीत शिक्षक श्री डोमेश्वर सिन्हा के नेतृत्व में शैक्षणिक स्टॉफद्वारा देश भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी गई।

श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ की तैयारी जोरों पर

सज रहा शिवनाथ नदी तट का पावन धाम

डोंगरगाँव। समीपस्थ ग्राम दर्री के शिवनाथ नदी तट स्थित ब्रह्मचारी आश्रम में 2 फरवरी से होने जा रहे पंच कुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ की तैयारी जोर शोर से चल रही है प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी संत श्री त्रिलोचन ब्रह्मचारी के संरक्षण में होने जा रहे इस धार्मिक आयोजन में आंचल सहित अन्य क्षेत्रों से श्रद्धालु पधार कर धर्म लाभ लेंगे एवं साधु संतों का भी जमावड़ा रहेगा आगामी 2 फरवरी माघ शुक्ल बसंत पंचमी को कलश यात्रा प्रायश्चित कर्म पंचांग पूजन दस विधि स्नान मंडप प्रवेश के साथ यज्ञिक कर्म का शुभारंभ प्रधान यज्ञ आचार्य पंडित बसंत तिवारी जी ग्राम पटेली,, (दलो राजहरा) एवं अन्य वैदिक पंडितो के द्वारा विधिवत। रूप से किया जाएगा।

गूढ़ राम कथा कहेंगे मानस काग जी महाराज।।

आश्रम के संत त्रिलोचन ब्रह्मचारी जी ने बताया की कुछ कारणवश कार्यक्रम में फेर बदल होने के कारण तीर खेड़ी आश्रम के संत राम ज्ञानी दास जी के द्वारा श्री राम कथा के स्थगित होने के कारण दिनांक 6 से 12 फरवरी तक मानस के रहस्यों के विवेचन कर्ता एवं गोस्वामी तुलसीदास जी के 11वीं पीढ़ी के संत मानस का जी महाराज राजापुर (चित्रकूट) के द्वारा अच्छा राम कथा आयोजित है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व दिनांक चार एवं पांच फरवरी को आंचल की ख्याति लब्ध मानस के व्याख्या कार मानस संगोष्ठी में भाग लेकर मानस चर्चा करेंगे उन्होंने क्षेत्र वासियों को इस यज्ञ कार्यक्रम में पधार कर धर्म लाभ लेने की अपील धर्म प्रेमियों से की है।

धर्म समाचार....

मौनी अमावस्या से इन राशियों के शुरू होंगे अच्छे दिन, पैसों की तंगी होगी दूर

ज्योतिषियों की मानें तो शुक्र देव 31 मई को राशि परिवर्तन करेंगे। शुक्र देव के राशि परिवर्तन करने से कई राशि के जातकों के जीवन में बदलाव आएगा। वहीं कई राशि के जातकों को प्यार के मामले में सफलता मिलेगी। ज्योतिष कुंडली में शुक्र ग्रह मजबूत करने के लिए भगवान शिव की पूजा करने की सलाह देते हैं। ज्योतिषीय गणना के अनुसार, सुखों के कारक शुक्र देव मौनी अमावस्या की पूर्व संध्या पर राशि परिवर्तन करेंगे। शुक्र देव के राशि परिवर्तन से राशि चक्र की सभी राशियों पर भाव अनुसार प्रभाव पड़ेगा। इनमें तीन भाग्यशाली राशि के जातकों को सर्वाधिक लाभ होगा। इन राशि के जातकों के अच्छे दिन की शुरुआत होगी। ज्योतिषियों की मानें तो सुखों के कारक शुक्र देव अगले चार महीने तक गुरु की राशि मीन में विराजमान रहेंगे। इस राशि के जातकों को शुक्र देव हमेशा शुभ फल देते हैं। इसके अलावा, दो अन्य लकी राशि के जातकों पर भी शुक्र देव की कृपा बरसेगी। उनकी कृपा से धन संबंधी परेशानी दूर होगी। साथ ही सुखों में अपार वृद्धि होगी। आइए, इन राशियों के बारे में जानते हैं-

वृषभ राशि- सुखों के कारक शुक्र देव की कृपा वृषभ राशि के जातकों पर बरसेगी। उनकी कृपा से हर कार्य में सफलता मिलेगी। इस राशि के स्वामी शुक्र देव हैं। अत: वृषभ राशि के जातकों पर विशेष कृपा बरसेगी। इस दौरान कई बिगड़े काम बन जाएंगे। शुभ कामों में सफलता मिलेगी। सेहत अच्छी रहेगी। नाच और गान में रुचि बढ़ेगी। धर्म कर्म में भी रुचि बढ़ेगी। आपके अच्छे आचरण से लोग प्रभावित होंगे। सुख और सौभाग्य में वृद्धि होगी। रियल स्टेट से जुड़े लोगों को धन लाभ हो सकता है। इसके अलावा, विवाह से संबंधित कारोबार करने वाले लोगों को भी लाभ होगा।

धनु राशि- धनु राशि के जातकों पर भी शुक्र देव की कृपा बरसेगी। उनकी कृपा से हर सुख की प्राप्ति होगी। इस दौरान मां की सेवा और सम्मान में लगे रहेंगे। मां के आशीर्वाद पाकर आपके सभी बिगड़े काम बन जाएंगे। शुक्र देव की कृपा से समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आपके सुखों में वृद्धि होगी। शुक्र देव की कृपा से जीवन में कई प्रकार के भौतिक सुखों की प्राप्ति होगी। हालांकि, मन में किसी विषय की चिंता रहेगी। इसके बावजूद मलंग की तरह मग्न रहेंगे। कई शुभ फलों की प्राप्ति होगी। आय और सौभाग्य में वृद्धि होगी।

मीन राशि- सुखों के कारक शुक्र देव का गोचर मीन राशि में होगा। इससे मीन राशि के जातकों को धन लाभ हो सकता है। इस राशि में शुक्र देव उच्च के होते हैं। उनकी कृपा से जीवन में सभी प्रकार के सुखों की प्राप्ति होती है। इस दौरान अपने सुखों पर धन व्यय कर सकते हैं। सेहतमंद रहेंगे। शुक्र गोचर के दौरान आप जमकर खरीदारी कर सकते हैं। खासकर, भौतिक सुखों पर अधिक धन व्यय करेंगे। आप कार्य कुशलता से काम को कराने में सफल होंगे। निवेश के लिए समय उत्तम है। निवेश करने से दोगुना फल मिलेगा। आमदनी बढ़ेगी। आय के नवीन साधन बनेंगे।

इन राशियों पर बरसेगी भगवान शिव की कृपा

ज्योतिषीय गणना के अनुसार मन के कारक चंद्र देव की कृपा बरसने से जातक को मानसिक तनाव से मुक्ति मिलती है। साथ ही शुभ कामों में सफलता मिलती है। ज्योतिष भी चंद्र देव की कृपा पाने के लिए देवों के देव महादेव की पूजा करने की सलाह देते हैं। भगवान शिव जलाभिषेक से शीघ्र प्रसन्न होते हैं ।शिफल्स के अनुसार, माघ का महीना कई राशि के जातकों के लिए बेहद शुभ रहने वाला है। इस महीने में कई बड़े ग्रह राशि परिवर्तन करेंगे। ग्रहों के राशि परिवर्तन से कई राशि के जातकों को धन लाभ होगा। इसके साथ ही मन के कारक चंद्र देव भी अपनी चाल बदलेंगे। चंद्र देव के राशि परिवर्तन से कई राशि के जातकों की फूटी किस्मत बदलेगी। ज्योतिषियों की मानें तो सुखों के कारक शुक्र देव एवं चंद्र देव एक दिन ही राशि परिवर्तन करेंगे। चंद्र देव के राशि परिवर्तन करने से कई राशि के जातकों को लाभ होगा। इन राशियों पर देवों के देव महादेव की कृपा बरसेगी। उनकी कृपा से सोने की तरह किस्मत चमकेगी। आइए, इन राशियों के बारे में सबकुछ जानते हैं।

धनु राशि- चंद्र देव के राशि परिवर्तन करने से धनु राशि के जातकों को लाभ होगा। कई शुभ कामों में सफलता मिलेगी। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। आमदनी बढ़ेगी। धन की बचत कर पाएंगे। पार्टनर से प्यार मिलेगा। पार्टनर के सहयोग से निवेश में लाभ होगा। विदेश जाने वाले लोगों को सफलता मिलेगी। कागजी काम में सफलता मिलेगी। घर पर मेहमानों का आगमन होगा। किसी विशेष व्यक्ति से मिलना होगा। भगवान शिव की कृपा पाने के लिए कच्चे दूध में केसर मिलाकर भगवान शिव का अभिषेक करें। साथ ही सोमवार के दिन सफेद चीजों का दान करें।

nandgaon times jan-28-03.qxd 1/27/2025 11:56 PM Page 4

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बेग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बेग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बेग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

राजनांदगांव जिले में अपूर्व उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने फहराया तिरंगा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने फहराया तिरंगा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने फहराया तिरंगा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने फहराया तिरंगा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने फहराया तिरंगा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने फहराया तिरंगा राजनांदगांव में अपूर्व उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में किया गया। समारोह में खेल एवं युवा कल्याण एवं राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर संयुक्त परेड की सलामी ली। उन्होंने परेड का निरीक्षण एवं मुख्यमंत्री का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन किया। समारोह में विकास एवं प्रगति के प्रतीक तीन रंगों का गुब्बारे भी उड़ाये। समारोह में मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के साथ परेड का निरीक्षण किया। परेड का नेतृत्व परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक श्री लोकेश कुमार कसेर ने किया। परेड में जवानों द्वारा हर्ष फायर किया गया और सम्प्रभुता, अखंडता के प्रतीक राष्ट्रपति जी की जय का उद्घोष किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री वर्मा द्वारा शहीद पुलिस जवानों के परिवारों के परिजनों को सम्मानित किया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय मुख्य समारोह में स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मोहक प्रस्तुति दी गई। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा विकास कार्यों पर आकर्षक झांकी का प्रदर्शन भी किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में आयोजित परेड में श्रेष्ठ परेड के लिए आर्म्स प्लाटून वर्ग में 38वीं बटालियन आईटीबीपी को प्रथम एवं नगर सेना महिला बल राजनांदगांव को द्वितीय पुरस्कार से नवाजा गया। अनआर्म्स प्लाटून वर्ग में डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसंतपुर (नेवल) ने प्रथम एवं शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय (नेवल) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा मोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। समारोह में नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी के बच्चों की प्रस्तुति को प्रथम, पीएमश्री सर्वेश्वर दास नगरपालिक निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के बच्चों की प्रस्तुति को द्वितीय तथा जेएलएम गायत्री विद्यापीठ व जेएमजे पब्लिक स्कूल के बच्चों को प्रस्तुति को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा विकास कार्यों पर आकर्षक झांकी का प्रदर्शन भी किया गया। कृषि विभाग की झांकी को प्रथम, वन विभाग की झांकी को द्वितीय एवं जिला पंचायत की झांकी तृतीय स्थान पर रही। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती सुषमा सावंत, आईजी श्री दीपक झा, वनमंडलाधिकारी श्री आयुष जैन, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी, स्कूली छात्र-छात्राएं व बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे।

जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा गणतंत्र दिवस मनाया

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। जिला उपभोक्ता आयोग, राजनांदगाँव द्वारा 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रातः 7.45 मिनट

पर आयोग के सदस्य डॉ. आनंद वर्गीस द्वारा ध्वजारोहण का कार्यक्रम संपन्न किया गया। इस अवसर पर महात्मा गांधी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम को संपन्न किया गया। कार्यक्रम में आयोग के कर्मचारी श्री संतोष साहू श्री संतोष राजपूत, श्री रंजन टेंभरे, श्री विपिन उपाध्याय, श्री यशवंत गहने, श्री जय नंदेश्वर, श्री हरप्रसाद यादव, श्री ईश्वरी बंजारे, श्री शत्रुघन देवांगन, एवं श्रीमती राधिका सिन्हा उपस्थित रहें। कार्यक्रम में श्री यशवंत गहने द्वारा मधुर गीत प्रस्तुत किया गया तथा मुख्य अतिथि की असंदी से गणतंत्र दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला वा उपस्थित कर्मचारियों को अपने कर्तव्यों का पालन कर आयोग को आगे बढाने की प्रेरणा दी।

सुरगी मंडई आज

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। आदर्श ग्राम सुरगी में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से 28 जनवरी को मंडई मेला का आयोजन किया जा रहा है। 29 जनवरी को दिन में रंगरसिया छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी ग्राम लखनपुरी चारामा जिला उत्तर बस्तर कांकेर वालों का होगा।ग्रामवासियों ने क्षेत्र के लोगों को अधिक से अधिक संख्या पहुंचकर कार्यक्रम का लाभ लेने का आग्रह किया है।

ग्राम डुंडेरा में ध्वजा रोहण किया गया

डोगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)। गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर 26 जनवरी को बजरंग चौक में हर्षोल्लास के साथ ध्वजा रोहण किया

गया एवं पू.मा.शाला. प्राथमिक शाला पंचायत भवन स्वास्थ्य भवन बस स्टैंड सहित गांव के बीच चौक में ध्वजा रोहण किया गया. इस अवसर पर स्कूली छात्र छात्राओं शिक्षक शिक्षिकाएं सहित ग्रामीणजनो के द्वारा बाजा गाजा के साथ प्रभात फेरी निकाली गई. गणतंत्र दिवस के अवसर पर ग्राम के सुन्दर हठीले ब्रम्हा राम कर्मा, बिसौहा राम, हेमनाथ सामरथ, संतोष, भारत, रोहन, राजेश एवं समस्त ग्राम वासीयों द्वारा ध्वजा रोहण किया गया।

सड़क सुरक्षा माह: हेलमेट जागरूकता रैली का आयोजन

राजनांदगांव,(नांदगाँव टाइम्स) : राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के 27वें दिन आज जिला न्यायालय से हेलमेट जन-जागरूकता बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली में प्रमुख रूप से प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश श्रीमती सुषमा सावंत, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक श्री मेहित गर्ग, एडीजे श्री डी.आर. देवांगन, श्री ओमप्रकाश साहू और अन्य न्यायिक अधिकारी, नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेंद्र नायक, यातायात प्रभारी श्री अजय खेस समेत पुलिस कर्मचारी और आम नागरिक उपस्थित रहे।रैली न्यायालय परिसर से शुरू होकर शहर के प्रमुख स्थलों— प्यारेलाल चौक, गुरुनानक चौक, मानव मंदिर चौक, जय स्तंभ चौक, महावीर चौक, नया बस स्टैंड चौक, और अंबेडकर चौक से होते हुए जिला न्यायालय परिसर में संपन्न हुई। इस अवसर पर यातायात पुलिस ने आम जनता से अपील की कि वे अपनी सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनने की आदत डालें और यातायात नियमों का सख्ती से पालन करें। अपील में दुपहिया वाहन में तीन सवारी न चलने, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करने, तेज गति से वाहन न चलाने, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने और नशे की हालत में वाहन न चलाने का अनुरोध किया गया।

यातायात पुलिस ने यह भी घोषणा की कि यातायात जागरूकता अभियान को विभिन्न कार्यक्रमों और यातायात रथ के माध्यम से जारी रखा जाएगा, ताकि सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता दी जा सके। इस आयोजन ने आम जनता को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने और हेलमेट के महत्व को समझाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

गणतंत्र दिवस पर मेडिकल कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। गणतंत्र दिवस के अवसर पर शासकीय मेडिकल कालेज पेण्ड्री राजनांदगांव में ध्वजारोहण कर देश की एकता एवं अखंडता का संदेश दिया गया। अधिष्ठाता डॉ. पंकज लुका ने कॉलेज परिसर एवं अस्पताल अधीक्षक डॉ. अतुल देशकर ने अस्पताल परिसर में ध्वजारोहण किया और सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सकों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर ब्लड सेंटर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ब्लड सेंटर इंचार्ज एवं सहायक अधीक्षक डॉ. चंद्रशेखर इंदौरिया ने 46वां रक्तदान कर समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। शिविर में कालेज के 30 विद्यार्थियों ने उत्सापूर्वक रक्तदान किया।

ट्रैफिक नियमों का पालन करने से सड़क दुर्घटनाओं में आएगी कमी

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने किया गया जागरूक

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत पंडित किशोरी लाल शुक्ल उद्यानिकी महाविद्यालय पेण्ड्री में विद्यार्थी के हित में सुरक्षित सड़कों की आवश्यकता विषय पर जन जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अधिष्ठाता डॉ. उमेश देशमुख ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सभी व्यक्तियों को जागरूक करने की आवश्यकता है। ट्रैफिक नियमों का पालन करने से सड़क दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है, जिससे लोगों के जान-माल की सुरक्षा होगी। उन्होंने विद्यार्थी को यातायात नियमों का पालन कर एक जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। डॉ. वर्षा कुमार ने स्पीड ब्रेकर एवं लापरवाही से वाहन चालन के परिणामों के बारे में बताया। डॉ. मेधा शाहा ने ट्रैफिक सिग्नल की आवश्यकता एवं यातायात नियमों का पालन करने के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम में पुलिसकर्मी श्री ईश्वर वैष्णव ने सभी विद्यार्थियों को यातायात नियमों एवं व्यवस्थाओं के अनुपालन, पैदल यात्रियों की सुरक्षा सहित अन्य विषयों के संबंध में जानकारी दी। विद्यार्थी श्री प्रशांत श्रीवास्तव ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति की सड़क दुर्घटना हो जाती है, उस व्यक्ति को एक जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य निभाते हुए तुरंत अस्पताल ले जाना चाहिए।

मतदान दल अधिकारियों का प्रशिक्षण 1, 2 एवं 6 फरवरी को

राजनांदगांव। (नांदगांव टाइम्स)। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 अंतर्गत निर्वाचन प्रशिक्षण मतदान दल अधिकारियों के प्रशिक्षण के लिए तिथि निर्धारित की गई है। प्रशिक्षण का आयोजन सुबह 10 बजे से रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा निर्धारित स्थल पर किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रत्येक कक्ष में प्रशिक्षणार्थियों की संख्या 40 रहेगी। इसके अनुसार 1 फरवरी 2025 को नगरीय निकाय स्तर पर एक पाली में मतदान दल प्रथम के तहत पीठासीन अधिकारी एवं मतदान दल अधिकारी क्रमांक 1 को प्रशिक्षण दिया जाएगा। 2 फरवरी 2025 को जनपद पंचायत स्तर पर एक पाली में मतदान दल प्रथम के तहत पीठासीन अधिकारी एवं मतदान दल अधिकारी क्रमांक 1 का तथा 6 फरवरी 2025 को नगरीय निकाय स्तर पर एक पाली में द्वितीय प्रशिक्षण के तहत पीठासीन एवं मतदान दल अधिकारी क्रमांक 1, 2, 3 का प्रशिक्षण आयोजित किया गया है।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com